'पद्मांजलि' में बिखरी सप्तरंगी छटा

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सर पद्मपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर, कमला नगर के 49वें वार्षिकोत्सव 'पद्मांजलि - कानपुर : एक खोज' की सप्तरंगी छटा ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण व मुस्लिम वक्फ की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने कानपुर-एक खोज पुस्तक का विमोचन किया। एआईएसएससीई-एआईएसएसई 2023 साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम के शीर्ष पांच विद्यार्थियों को श्री गोविंद हरि सिंहानिया स्कॉलरशिप अवार्ड के अंतर्गत 4.50 लाख की धनराशि दी गई।

बच्चों ने 'कानपुर-एक खोज' थीम पर आधारित गीत कानपुर की गौरव गाथा की सुमधुर प्रस्तुति दी। साइंस, कॉमर्स तथा ह्यूमैनिटीज के प्रत्येक स्ट्रीम टॉपर्स सांची अरोड़ा, तवीशी

पद्मपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

अग्रवाल व मुबश्शरा नाहिद को 50-50 हजार की छात्रवृत्ति दी गई। आईआईटी में चयन पर यशवर्धन मुखर्जी, नीट में सिद्धार्थ चौधरी, सात्विक मात्रेय, कृष हाडा, आयुषी गुप्ता, क्लेट में चयनित सार्थक गुप्ता और अभिनव छाबड़ा, सीए इंटर में 2023 के सिटी टॉपर सात्विक वधावन, शहर में द्वितीय स्थान पर रहे शिखर अग्रवाल व आइसर में चयनित चिराग चांडक को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि जी सिंघानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंघानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंघानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी कर, प्रधानाचार्या भावना गुप्ता रहे। धन्यवाद छात्रा वैभवी सिंह ने दिया।